**विधान परिषद के द्‌वितीय सत्र-2025 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्‌वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-*13 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 13-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर में हरोड़ा फीडर से चुन्हेटी शेख, गड़ौला, सुन्हेटी खड़खड़ी, फिराहेडी आदि गांव जुडे है? | जी हॉ। |
| (ख) उक्त गांवो की बिजलीघर से दूरी करीब 22 किमी0 से भी अधिक है उनकी दूरी अधिक होने से लाईन क्षतिग्रस्त होती रहती है जिससे बिजली बाधित होती है? | उक्त ग्रामों की बिजलीघर से दूरी लगभग 10 से 20 कि0मी0 है। ग्रामों को विद्युत आपूर्ति करने हेतु समय-समय पर आवश्यकतानुसार लाईनों का मेन्टीनेंस कराया जाता है, जिससे विद्युत व्यवधान न्यूनतम हो। |
| (ग) क्या सुन्हेटी खरकड़ी ग्राम में बिजलीघर के लिये जमीन प्रस्तावित है? | जी नहीं। |
| (घ) उक्त बिजलीघर को स्थापित करने में सरकार की क्या योजना है? | वर्तमान में विद्युत उपकेन्द्र को स्थापित किये जाने की आवश्यकता नहीं है। |
| (ड.) यदि हॉ, तो उक्त योजना पर कब तक कार्य शुरू हो जायेगा? | उपरोक्तानुसार। |
| (च) यदि नहीं, तो क्यों? | वर्तमान में ग्राम सुन्हेटी खड़कड़ी की विद्युत आपूर्ति 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र हरौड़ा (क्षमता-23 एम०वी०ए०) से पोषित 11 के0वी0 हरौडा फीडर से की जा रही है जिसकी लम्बाई 12 कि०मी० है तथा फीडर एवं विद्युत उपकेन्द्र दोनों ही अतिभारित नहीं है। अतः यहाँ अतिरिक्त विद्युत उपकेन्द्र की आवश्यकता नहीं है। |

**ए.के. शर्मा**
**ऊर्जा मंत्री।**